दिनांक : 12.05.2024 समय : 02.10pm

प्रादेशिक समाचार एकांष

आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

प्रधानमंत्री–साक्षात्कार

प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार ने पिछले दस वर्षों में गरीबों को सशक्त बनाने और उनके लिये रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया है। एक अंग्रेजी दैनिक को दिये साक्षात्कार में श्री मोदी ने कहा कि भारत ने दुनिया को दिखाया है कि प्रत्येक नागरिक को सशक्त बनाना और उनकी सफलता के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना ही वास्तविक प्रगति है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में 25 करोड लोग गरीबी से बाहर आये हैं।

श्री मोदी ने कहा कि भारत की बेरोजगारी दर दुनिया में सबसे कम है। उन्होंने कहा कि करोडों लोगों ने पहली बार व्यवसाय शुरू करने के लिए मुद्रा ऋण का फायदा उठाया है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने औसत मंहगाई दर को पिछले एक दशक में न्यूनतम स्तर पर रखा है। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने अगले 25 वर्षो के लिए एक मजबूत अर्थव्यवस्था का निर्माण किया है।

....

लोकसभा चुनाव–प्रदेष

लोकसभा चुनाव के चौथे और प्रदेश के अंतिम चरण के लिये 8 लोकसभा सीट देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, इंदौर, खरगौन और खंडवा में कल 13 मई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि चौथे चरण के सभी मतदान केन्द्रों पर मतदान दल सामग्री के साथ पहुंच रहे हैं। मतदान के लिये सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

....

जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज– आकाशवाणी के साथ' नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया गया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा वोट डालने के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

....

मतदान–फोटोयुक्त दस्तावेज

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के चौथे चरण में 8 संसदीय क्षेत्रों में एक करोड़ 63 लाख 70 हजार 654 मतदाता 13 मई को मतदान करेंगे। श्री राजन ने बताया कि 13 फोटोयुक्त वैकल्पिक दस्तावेज–वोटर आईडी कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड, दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन दस्तावेज, पासपोर्ट, पासबुक, सर्विस पहचान पत्र, सांसद, विधायक को जारी आधिकारिक पहचान पत्र, स्मार्ट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदाता अपना वोट डाल सकेंगे।

....

आईपीएल–क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में आज चेन्नई में चेन्नई सुपरकिंग्स का मुकाबला राजस्थान रॉयल से होगा। यह मैच दिन में साढे तीन से बजे से खेला जाएगा। एक अन्य मुकाबले में आज बेंगलुरू में शाम साढे सात बजे से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू का सामना डेल्ही कैपिटल्स से होगा।

मौसम

प्रदेष के मौसम में उतार चढ़ाव बना हुआ है। कहीं आंधी बारिष तो कहीं तापमान 40 डिग्री के ऊपर पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार आज और कल प्रदेष के कई क्षेत्रों में आंधी और बारिष की संभावना है। राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में बारिश हो सकती है। पिछले दो दिनो में कई जिलों में आंधी–बारिश के साथ ओले गिरने के समाचार हैं। उज्जैन, शाजापुर, रायसेन, सीहोर जिलों में तेज बारिश हुई। वहीं, भोपाल, इंदौर, रतलाम में बादल छाए रहे।

....

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- आगरमालवा शहर में नगर पालिका परिषद्, महिला एवं बाल विकास विभाग, ग्रामीण व शहरी आजीविका मिशन की महिलाओं, पेंशनर संघ और पुलिस बल के सहयोग से मतदाता जागरूकता हेतु एक विशाल रैली नगर के प्रमुख मार्गो से निकालकर मतदान के लिये शपथ दिलाई गई।
- पर्यटन विभाग के एमडी इलैयाराजा टी राजा ने नर्मदापुरम जिले के हिल स्टेशन पचमढ़ी में कलेक्टर सोनिया मीना के साथ साडा और एमपीटी अंतर्गत संचालित होटल तथा परिसंपत्तियों का निरीक्षण किया।
- नर्मदापुरम जिले की बनखेड़ी के हायर सेकेंडरी स्कूल के खेल मैदान पर खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिले में 10 मई से 10 जून तक निशुल्क खेल प्रशिक्षण शिविर लगाए जा रहे है। जहां युवाओं को हर खेल का बारीकी से प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
- जबलपुर जिले के मझगवां थाना क्षेत्र में बरातियों से भरी एक बस के पलट जाने से 13 यात्रियों को गंभीर हालत में जबलपुर भर्ती कराया गया है। हादसे के वक्त बस में 40 से अधिक लोग सवार थे।

....